चंडीगढ़ प्रशासन ने जारी किये निर्देशः पब्लिक प्लेस पर मास्क पहनना अनिवार्य

RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME

# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

JAN HETAISHI
JAN JAN KI BAAT
A Venture of UTURN TIME
/janhetaishi

VOL:01 | ISSUE:93 | MONDAY, DATE: 18-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

### सुलगता-मुद्दा : कूड़ा-डंप पर कल धरना लगाएगी भाजपा

# जानलेवा गर्मी में कचरा-डंप पर सुलगती आग से ताजपुर रोड पर जहरीले धुएं से जीना दूभर

### मुफ्त बीमारियां बांट रहा निगम प्रशासन आसपास लाखों लोगों की सेहत खतरे में

लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। स्मार्ट सिटी की दौड़ में शामिल महानगर की कमान संभालने वाले नगर निगम की 'कारगुजारी' हैरान करने वाली हैं। ताजपुर रोड पर पर कचरे का पहाड़ बन चुके डंप में शुक्रवार रात आग लगी थी। जिसे बुझा तो दिया गया, लेकिन सोमवार को भी हवाएं चलने पर बार-बार कचरा सुलगता रहा। जिसके चलते चौथे दिन भी फैले जहरीला धुएं से आसपास के रिहायशली इलाके के लाखों लोग परेशान रहे।



#### भाजपा ने 'सुलगाया' मुद्दा

इस मुद्दे को हवा देने के लिए मंगलवार 19 अप्रैल की सुबह भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्पेंदर सिंघल की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ता कूड़ा-डंप के पास धरना लगाएंगे। बतातें है कि भाजपा जिला नेतृत्व इस मामले में निगम प्रशासन व मेयर को घेरने के लिए प्रेस कांफ्रेंस भी करने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार भाजपा ने जिला प्रशासन के जरिए जनहित के इस मुद्दे पर एनजीटी, डब्ल्यूएचओ, ह्यूमन राइट्स कमीशन व संबंधित विभागों को शिकायती पत्र भेजकर गंभीरता से पूरे मामले की जांच कराने के लिए भाजपा ने कागजी कार्रवाई भी शुरु कर दी है।

#### आग के बाद हालात बदतर

शनिवार सुबह फायर-ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने बड़ी मशक्कत से डंप में लगी आग तो बुझा दी थी, लेकिन कचरा सुलगता ही रहा। तब से ही जब हवा चलती है तो कचरा सुलगने से काला-जहरीला धुआं आसपास छा जाता है। यही धुआं हवा से उड़कर आसपास के रिहायशी इलाकों की दुकानों-मकानों तक पहुंच जाता है। हालांकि फायर-ब्रिगेड के टेंडर रविवार दिन भर वहीं खड़े रहे। ताकि आग भड़कने पर उसे बुझाया जा सके। इसके बावजूद कूड़ा बार-बार सुलगने से डंप के इर्दगिर्द रहने वाले लोग जहरीले धुएं में सांस लेते हुए तकलीफ महसूस कर रहे हैं।

#### जनहित है सर्वोपरि



इसके पीछे कोई राजनीति नहीं, बल्कि इस महानगर की जनता के हितों की रक्षा करने की नीयत है। बेकसूर लोगों की जान से खिलवाड़ हो रहा है, जिसके लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय कराना हमारा कर्तव्य है।

*-पुष्पेंदर सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष*

#### क्यों बना कूडे का पहाड

शहर से हर दिन औसतन 12 सौ टन कूड़ा-कचरा बटोरकर ताजपुर रोड स्थित डंप पर डाला जाता है। कई दशक पहले बने इस कचरा दो साल से डंप पर लगे कचरा प्रोसेसिग प्लांट बंद पड़ा है। दरअसल पहले गारबेज-मैनेजमेंट की जिम्मेदारी संभाल रही कंपनी से नगर निगम प्रशासन ने करार तोड़ लिया था। उसके बाद जिस निजी कंपनी ने काम संभाला, वो गारबेज- प्रोसेसिग प्लांट ही नहीं चला सकी। नतीजतन डंप पर कचरे के पहाड़ बन गए और अब उसका खमियाजा जनता भुगत रही है।

#### निकलती है जहरीली गैस

माहिरों के मुताबिक ऐसे भीषण गर्मी वाले मौसम में कचरा-डंप से निहायत जहरीली गैस मीथेन निकलती है। उसकी वजह से ही आग आसानी से लगी। आग लगने के बाद सुलगते कूड़े से निकल रहा जहरीला धुआं लोगों के जिस्म में तमाम बीमारियां पैदा करेगा। आग लगने पर कुआं खोदा निगम ने अब फजीहत से बचने को निगम के अफसर अब पोकलेन मशीनों के जरिए कूड़े से बने पहाड़ों पर चढ़कर कचरा इधर-उधर फैलाकर सुलगती आग बुझाने में जुटे हैं। निगम की हेल्थ ब्रांच की भी इसके प्रति जवाबदेही बनती है, जो यह साबित करने का प्रयास कर रही है कि हालात काबू में आ चुके हैं।

## जनता के कठघरे में सरकार

बेशक समाज में जिस तेजी से जागरूकता बढ़ रही है, उससे सरकारों की परेशानी भी जा जाहिर तौर पर बढ़ेगी। मसलन स्मार्ट सिटी की दौड़ में शामिल महानगर लुधियाना की ही बात करें तो यहां जनहित में एनजीओ लगातार नगर निगम प्रशासन, राज्य और केंद्र की सरकारों को लगातार घेर रहे हैं। एक्टिविस्ट इंजीनियर कपिल देव के साथ कई एनजीओ ने मिलकर अब बुड्ढे नाले में डाईग फैक्ट्रियों का केमिकल वाला जहरीला पानी गिराने का मुद्दा गंभीरता से उठाया है। जाहिर है कि उन्होंने ठोस कार्रवाई कराने की मंशा से ही इस मामले में बाकायदा पुलिस से लिखित शिकायत की है। इसके पहले एनजीओ ने सिधवा कैनाल वॉटर फ्रंट की जमीन पर पेड़ों की जड़ों के विकेट टाइलें और सीमेंटेड पटरी बनाने के मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से शिकायत की थी। जिस पर कड़ी कार्रवाई भी हुई। लिहाजा एनजीओ के हौसले भी बुलंद हैं। वही जवाबदेही के चलते नगर निगम प्रशासन के अलावा बाकी संबंधित विभागों के अधिकारी भी दबाव में है। मिलाकर जनहित के नजरिए से देखें तो यह सुखद स्थिति है। हालांकि राज्य और केंद्र सरकारों के लिए संबंधित विभागों से जवाबदेही और कार्रवाई के मामले जरूर सुखद नहीं है। कारों की कोशिश यह होनी चाहिए कि ऐसी नौबत ही ना आए।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

# ईएसआईसी अंशदान जमा करने की समय सीमा में 15 दिनों की छूट




लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। ईएसआईसी पोर्टल पर ऑनलाइन अंशदान दाखिल करने में नियोजकों को आ रही समस्याओं को देखते हुए राहत दी गई है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के डायरेक्टर ने ईएसआई (विनियम) 1950 के तहत ईएसआई अंशदान को दाखिल व जमा करने की समय सीमा में यह छूट देने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक अब माह मार्च, 2022 का अंशदान, जो 15 अप्रैल तक जमा किया जाना था, अब 30 अप्रैल तक जमा किया जा सकता है। जबकि अक्तूबर, 2021 से मार्च, 2022 तक की अवधि के लिए डिटेल 11 अप्रैल की बजाए अब 26 अप्रैल तक दाखिल की जा सकती है। ईएसआई अधिनियम जिन पर लागू होता है, उनमें कोई भी गैर-मौसमी कारखाना, जिसमें 10 या अधिक कर्मचारी हों।

होटल और रेस्तरां, समाचार पत्र प्रतिष्ठान, सड़क-मोटर परिवहन उपक्रम, सिनेमा, पूर्वावलोकन थिएटर, निजी शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों जैसे क्षेत्रों में यदि 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों। ईएसआई अधिनियम के तहत आने वाले कर्मचारी की मौजूदा वेतन सीमा 21 हजार रुपये प्रति माह हो। यदि कर्मचारी दिव्यांग है तो मजदूरी सीमा 25,000 रुपये प्रति माह है।

## कल बिजली बंद रहने के आसार

लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। पीएसपीसीएल की 11 केवी फीडर्स की मरम्मत मुहिम लगातार जारी है। जिसके चलते लुधियाना में कल 19 अप्रैल मंगलवार को कई इलाकों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी।



इन इलाकों में आईटीआई कॉलेज, जीएनई कैंपस, मराडो सेंटर, ननकाना स्कूल, तहसील एरिया शामिल हैं।

## राजा वड़िंग की नजर अब लुधियाना पर

### कांग्रेस प्रदेश प्रधान कल शहर में हर सीनियर नेता से मिलेंगे

लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग मंगलवार को महानगर के दौरे पर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक वह पार्टी में एकजुटता के लिए जारी मुहिम के तहत कांग्रेस के हर सीनियर नेता से मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा कि चुनाव से पहले और बाद में पार्टी में चले घमासान के नजरिए से अब संगठन की ओवरहालिंग की कवायद जारी है। जिसके तहत रूठे नेताओं के मनाने और बगावत के सुर दबाने की कोशिश की जाएगी। जो नेता दूसरी पार्टियों के सुर में सुर मिला रहे हैं उनको बाहर का रास्ता भी दिखाया जा सकता है



### लुधियाना में फिर शुरु हुआ पाबंदियों का दौर

## अब रात को 11 बजे के बाद नहीं खुलेंगे ठेके, दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट, क्लब और आइसक्रीम पार्लर

नवीन गोगना

लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। पुलिस आयुक्त कोस्तुभ शर्मा, आईपीएस पुलिस आयुक्तालय ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का अधिनियम संख्या 2) की धारा 144 के तहत अपने द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लुधियाना के क्षेत्र में विभिन्न निरोधक आदेश जारी किए हैं। शर्मा ने अपने आदेश में कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि कमिश्नरेट के क्षेत्र में दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट, डिस्टिलरी, शराब की दुकान, क्लब, आइसक्रीम पार्लर, स्टूडियो और पब आदि देर रात तक खुले रहते हैं। पुलिस, लुधियाना जहां लोग इन दुकानों के बाहर खुले वाहनों में शराब का सेवन करते हैं, वहां मारपीट और लूटपाट का खतरा रहता है। इसलिए रात में होटलों/ढाबों और शराब के ठेकों पर इस तरह की अवैध घटनाओं को रोकना जनहित में है।




पुलिस कमिश्नरेट लुधियाना के क्षेत्र में रात 11:00 बजे और रात 10 बजे के बाद दुकानें, होटल, रेस्तरां, डिस्टिलरी, शराब की दुकान, क्लब, आइसक्रीम पार्लर, स्टूडियो और पब आदि को बंद करने के लिए विशेष कदम उठाते हुए आदेश जारी किए गए हैं. 10:30 बजे के बाद कोई आदेश नहीं लेना है। एक अन्य आदेश में उन्होंने कहा कि पुलिस आयुक्तालय लुधियाना के क्षेत्र में कई घरों/दुकानों के बाहर सामान बेचा जा रहा है, जिससे यातायात बाधित है और आम जनता को यातायात की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### एनजीओ बुड्ढे दरिया में बढ़ते प्रदूषण से खफा

# बुड्ढे दरिया में जहरीला पानी गिराने का मामला डाइंग यूनिटों के खिलाफ पुलिस से शिकायत

लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। लगातार बुड्ढे नाले का पानी जहरीला होने से इसके आसपास रहने वाले लोगों तंग आ चुके हैं, लेकिन संबंधित विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते हैं। लिहाजा अब इस मामले में अब कई एनजीओ ने मिलकर मोर्चा संभाल लिया है। सोमवार को इस मामले में एक्टिविस्ट इंजीनियर कपिल देव व कर्नल सीएम लखनपाल की अगुवाई में समाजसेवी थाना डिवीजन सात मैं बाकायदा लिखित शिकायत सौंपकर आए। जिसमें उन्होंने इल्जाम लगाया कि डाइंग फैक्ट्रियों के मालिक बुड्ढे नाले में अपनी यूनिटों का जहरीला पानी डाल रहे हैं। जिसकी वजह से आसपास के रिहायशी इलाकों में भी जमीन के नीचे पानी जहरीला हो चुका है। लोगों की सेहत पर भी इसका गलत असर पड़ रहा है। उनका कहना था कि यह सीधे तौर पर अपराध है। लिहाजा ऐसा करने वालों के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए। काबिलेजिक्र है कि डाइंग फैक्ट्रियों का कैमिकल-युक्त पानी सीधे बुड्ढे दरिया में गिराने के मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भी जवाब-तलब कर चुका है। जबकि पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने भी इस मामले में कई बार कार्रवाई की। इसके बावजूद बुड्ढे दरिया में जहरीला पानी गिराने का सिलसिला जारी है। इस मौके पर गुरप्रीत सिंह, जसकीरत सिंह, कुलदीप सिंह, मनदीप सेखों, अमनदीप बैंस, वरिंदर प्रताप, मनिंदरजीत आदि मौजूद रहे।



यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# अमरनाथ यात्रा के सिविल अस्पताल की स्वास्थय फिटनेस रिपोर्ट स्वीकार न करना यात्रियों की संख्या घटाने की साजिशः अशोक थापर

## कहा, केंद्र सरकार पंजीकरण प्रकिया बंद कर आधार कार्ड पर ही दे शिव भक्तों को यात्रा की इजाजत

लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। शहीद सुखदेव मैमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष व शिव भक्त अशोक थापर ने अमरनाथ यात्रा के पंजीकरण लिए अनिवार्य सिविल हस्पताल लुधियाना की तरफ से जारी हैल्थ फिट रिपोर्ट पंजाब नैशनल बैंक सहित अन्य बैंक प्रंबधकों की तरफ से स्वीकार नहीं करने की कड़े शब्दों में निंदा की। सिविल हस्पताल की रिपोर्ट स्वीकार न करने के पीछे बैंक कर्मियों का तर्क है कि श्राइन बोर्ड की तरफ से जारी हस्पतालों की सूची में लुधियाना सिविल हस्पताल का नाम शामिल नहीं हैं। अशोक थापर ने श्राइन बोर्ड को हिन्दू विरोधी बताते हुए कहा कि बोर्ड में बैठे लोग अमरनाथ यात्रा में यात्रियों की संख्या कम करने के लिए इससे पूर्व भी कोई न कोई अड़चन खड़ी कर यात्रा को बाधित करते रहे हैं।



पंजीकरण प्रकिया के लिए आव्श्यक स्वास्थय फिटनेस रिपोर्ट जारी करने वाले हस्पतालों की सूची में लुधियाना के हस्पताल का नाम शामिल न होना गहरी साजिश का हिस्सा है। क्योंकि लुधियाना से लाखों शिव भक्त हर वर्ष अपने इष्टदेव बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए आस्था के साथ रवाना होते हैं। इसलिए श्राइन बोर्ड ने यात्रियों की संख्या को कम करने के लिए जानबूझ कर साजिश रची है। अपने ही देश की धरती पर बाबा बर्फानी की यात्रा के लिए पंजीकरण को अवैध बताते हुए उन्होने कहा कि केंद्र सरकार पंजीकरण प्रकिया बंद कर केवल आधार कार्ड दिखाकर अमरनाथ यात्रा की अनुमति दें। वहीं हिन्दू विरोधी गतिविधियों में शामिल बाबा अमरनाथ श्राइन बोर्ड भंग कर सनातन धर्म के संत-महापुरुषों की अध्यक्षता में हिंदू समाज को गुफा के प्रंबधों की कमान सौंपे। ताकि शिव भक्त बिना किसी अड़चन के अपने इष्टदेव के खुले दर्शन दीदार कर सकें। एक तरफ उन्होने केंद्र सरकार को यात्रा में अड़चन डालने वाले श्राइन बोर्ड को भंग करने की सनिम्र निवेदन किया वहीं श्राइन बोर्ड को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पंजीकरण की प्रकिया सरल नही गई तो शहीद सुखदेव मैमोरियल ट्रस्ट शिव भक्तों के साथ तालमेल करके जम्मू में भूख हड़ताल जैसा सख्त कदम उठाने को मजबूर होगा। इस अवसर पर पण्डित रोशन शर्मा , अजय जिंदल, राजेश कुमार, विनोद शर्मा उपस्थित रहे।

# हाईकमांन ने कांग्रेस की मज़बूती के लिए एक नौजवान और संतुलित टीम का गठन कियाः चीमा/डुलगच

## आप के राज में कानून व्यवस्था बद से बदतर हैं

लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। सोमवार को कांग्रेस पार्टी के नेताओ का वफद कांग्रेस पार्टी के हलका दक्षिणी इंचार्ज ईशवरजोत सिंह चीमा के नेतृत्व में पंजाब प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रधान अमरिन्दर सिंह राजा वड़िंग को और कार्यकारी प्रधान भारत भूषण आशु को मिला। इस मौके वीर एकलव्य यूथ फेडरेशन के प्रधान राहुल डुलगच और समूह कांग्रेसी नेताओं की तरफ से राजा वड़िंग का भरवाँ स्वागत किया गया। इस के इलावा उन्होंने विरोधी पक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा और नयी चुनी गई टीम को बधाई दी। इस मौके जानकारी देते हुए ईशवरजोत सिंह चीमा और राहुल डुलगच ने बताया कि दिल्ली



के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल की तरफ से पंजाब के अफसरों को दिल्ली बुला कर उन के साथ मीटिंग करना यह साबित करता है भगवंत मान पंजाब में सिर्फ़ और सिर्फ़ रबड़ की मोहर है जब कि सभी पावरें केजरीवाल के हाथ में हैं। उन्होंने कहा कि इस के इलावा भी पंजाब में जो राज सभा मैंबर पंजाब से बाहर के लिए चुने गए इस से साबित होता है कि आप को पंजाब और हकों और लोगों की भावनायों की कोई कद्र नहीं है। उन्होंने कहा कि जब से आप सरकार सत्ता में आई तब से पंजाब कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत ही ख़राब हो चुकी है और आए दिन पंजाब में बड़े स्तर पर लूटों और कत्ल और शरेआम गोलियाँ चल रही हैं जब कि भगवंत मान इस सब को रोकनो में नाकामयाब रहे हैं।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल समारोह 8 मई को

लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। भगवान परशुराम समाज सेवा समिति की तरफ से भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल समारोह 8 मई, रविवार को स्थानीय ढोलेवाल चौंक निकट टेलिफोन एक्सचेंज में आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी समिति के चेयरमैन राकेश शर्मा, अध्यक्ष देव राज शर्मा, महासचिव सुरिन्द्र कौशल व सचिव राज कुमार राजू ने समारोह की तैयारियों संबधी बैठक को संबोधित करते हुए दी। राकेश शर्मा ने कार्यक्रम की रुपरेखा बताते हुए कहा कि ढोलेवाल चौंक स्थित टैलीफोन एक्सचेंज के समीप पार्क में प्राण प्रतिष्ठित भगवान परशुराम जी की प्रतिमा को नमन करके शुरु हुआ समारोह प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। प्रसिद्ध भजन गायक कुमार रोहित शर्मा एंड पार्टी संकीर्तन कर भाव विभोर करेंगे। विद्वान पंडित व



बुद्धिजीवी भगवान परशुराम जी की जीवनी की विस्तारपूर्वक जानकारी युवा पीढ़ी को देंगे। स्कूली छात्रों को पढ़ाई के लिए स्टेशनरी वितरित होगी। राजनितिक, सामाजिक, धार्मिक व व्यपारिक संगठनों के प्रतिनिधि समारोह में शामिल होंगे। सामूहिक आरती के उपरांत प्रभु को अर्पित भोग भंडारे के रुप में वितरित होगा।

# फिको डेलिगेशन ने की सीपी से मुलाकात



लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। सोमवार को फिको डेलिगेशन ने शहर के नवनियुक्त सीपी कोस्तुभ शर्मा से मुलाकात की। संस्था के चेयरमैन के.के. सेठ प्रधान गुरमीत कुलार, राजीव जैन, मनजिंदर सचदेवा, सतनाम मक्कड़ ने पुलिस कमिश्नर को इंडस्ट्रियल इलाकों में रात्रि में होने वाली छीना झपटी व चोरियों को लेकर पेट्रोलिंग सेवा के साथ-साथ सीसीटीवी सर्विलेंस सेवाएं प्रदान करने की गुहार लगाई।

# स्वर्गीय उषा थापर की प्रार्थना सभा संपन्न



लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। थापर डेवलपर्स के चेयरमैन करन थापर की पत्नी व गौतम और सुमित थापर की माता स्व. उषा थापर की प्रार्थना सभा सोमवार को दुर्गा माता मंदिर सराभा नगर में संपन्न हुई। प्रार्थना सभा में पार्षद ममता आशु, सनी भल्ला, पंकज काका, नरेंद्र काला, सुनील कपूर, अशोक थापर, सुनील मड़िया, उमादत्त शर्मा, जसदेव सेखों, नीरज जैन, मनीष शाह, नत्था सिंह भोपा राय, सुरेंद्र धवन, श्याम गुलाटी, परवीन कौर पाल, संजीव सिंगला सहित असंख्य गणमान्यों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए

## भीषण गर्मी में लू चलने से लोग बेहाल

# दोपहर में तापमान 40 डिग्री पार



गर्मी का कहर...लुधियाना में चीमा चौक के पास एलिवेटेड रोड पर आसमान से आग उगलता सूरज और तपती सड़क पर दोपहिया वाहन सवार तो बेहाल नजर आए। -फोटोः जसपाल सोनू

लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। भीषण गर्मी के दौरान अब चल रही लूं की वजह से लोग दिन में बेहाल नजर आए। सोमवार को दोपहर में शहर और आसपास कई इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से पार रहा। काबिलेजिक्र है कि कल सबसे गर्म श्री मुक्तसर साहिब का इलका रहा था। जहां अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस यानि सामान्य से चार डिग्री अधिक चला गया था। इसके बाद गर्मी का कहर बठिंडा में देखने को मिला, जहां अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री कल रिकार्ड किया गया। बरनाला में अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री, फिरोजपुर में अधिकतम पारा 40.7 डिग्री, पटियाला में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को भी पंजाब में इसी तरह लूं चलेगी। बुधवार को हिमाचल में वैस्टर्न डिस्टर्बेंस के सक्रिय होने से बादल छाए रहने की वजह से यहां भी तेज हवाएं चलने की संभावना है।

**जन्मदिन मुबारक**



गौरव लुथेरा

**सालगिरह मुबारक**



शब्बीर अंसारी
खुश्बू निशा



अविनाश और सुमन

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
belfrance
bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

### महज 10 साल की उम्र में भव्यम का भव्य प्रयास

# दुश्मनों की हर एक खुफिया एक्टिविटी पर नजर रखने वाला जारविस रोबोट बनाया

लुधियाना/यूटर्न/19 अप्रैल। अभी भव्यम जैन की उम्र महज 10 साल है, लेकिन उसके हौंसले बड़ों से कम नहीं हैं। इस नन्हे इंजीनियर ने जारविस नाम का एक रोबोट तैयार किया है। यह रोबोट दुश्मनों की हर खुफिया एक्टिविटीज पर नजर रखेगा। हद यह कि सामने कुछ कर रहे दुश्मन को यह भी नहीं पता चलेगा कि उसकी हरकतें इस रोबोट में कैद हो गई हैं। महानगर के किचलू नगर में विज रोबोटिक सेंटर के इस जूनियर इंजीनियर भव्यम ने अपनी मेंटर डिंपल वर्मा और ट्रेनर सोनू की निगरानी में यह रोबोट तैयार किया है।

यह नन्हा इंजीनियर फिलहाल गुड़गांव में फैमिली के साथ शिफ्ट हो चुका है, लेकिन लॉकडाउन के दौरान उसने




ऑनलाइन क्लासेज अटेंड करके 2 साल तक इसी शहर में अपने दादा दादी के घर रहकर रोबोटिक्स की ट्रेनिंग हासिल की थी। उनके पिता अखिल जैन कपड़ा कारोबारी हैं और मां सुमेधा जैन ने भी बेटे के हुनर को निखारने में हर तौर पर मदद की है। उसका इरादा है कि ऐसे रोबोट तैयार करके भारतीय सेना की मदद की जाए, ताकि लड़ाई के दौरान दुश्मनों की जरूरी इंफॉर्मेशन हमारी सेना को मिल सके। भव्यम अपने करियर को लेकर बताते हैं कि टेक्नोलॉजी इंजीनियर बनना उनका भविष्य का सपना है। इस रोबोट को तैयार करने में उनको लगभग 2 महीने का समय लगा और पढ़ाई के दौरान ही वह 2 घंटे रोजाना इस रोबोट को ट्रेंड करने में लगाते थे।

इसमें 360-डिग्री का एक कैमरा लगा हुआ है, जो वाईफाई से कनेक्ट होकर काम करता है। इसमें एक रोबेटिक आर्म बनाई गई है। जबकि इसकी रेंज 15 से 20 मीटर तक है और इसमें 9 वोल्ट की बैटरी और स्टेपर भी लगाए गए हैं। उनकी रोबोटिक सेंटर की टीचर डिंपल वर्मा के मुताबिक अभी इस रोबोट पर और काम किया जाएगा इसमें जीपीएस सिस्टम लगाने के अलावा इसकी रेंज बढ़ाने की भी कोशिश की जाएगी।

> इस रोबोट को तैयार करने में उनको लगभग 2 महीने का समय लगा और पढ़ाई के दौरान ही वह 2 घंटे रोजाना इस रोबोट को ट्रेंड करने में लगाते थे। इसमें 360-डिग्री का एक कैमरा लगा हुआ है, जो वाईफाई से कनेक्ट होकर काम करता है। इसमें एक रोबेटिक आर्म बनाई गई है।

# देश की 80% आबादी छोटे ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स करती है इस्तेमाल

नई दिल्ली / यूटर्न / 18 अप्रैल। एक सर्वेक्षण में दावा किया गया कि छोटे और मध्यम स्तर पर चल रहे 30,000 से अधिक ब्रांडों के घरेलू उत्पाद देश की अधिकांश आबादी को कवर कर करते हैं जबकि केवल 20 प्रतिशत आबादी ही बड़े कॉरपोरेट घरानों द्वारा बेची जाने वाली ऐसी वस्तुओं का उपयोग करती है। व्यापारियों के निकाय CAIT ने यह सर्वेक्षण किया, जिसके अनुसार 30,000 से अधिक छोटे और मध्यम ब्रांडों के फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और कॉस्मेटिक्स के उत्पाद भारत की 80 प्रतिशत आबादी की मांग को पूरा कर रहे हैं। यह सर्वे फूड ग्रेन्स, तेल, किराना, पर्सनल कॉस्मेटिक्स, इनर वियर, रेडीमेड गारमेंट, ब्यूटी एंड बॉडी केयर, जूते, खिलौने, एजुकेशनल गेम्स और स्वास्थ्य देखभाल जैसी वस्तुओं के उपयोग के आधार पर किया गया है। सर्वे में कहा गया, यह एक मिथक है कि विशेष रूप से एफएमसीजी सेक्टर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और कॉस्मेटिक्स आदि से जुड़े कॉरपोरेट घरानों के लगभग 3,000 बड़े ब्रांड देश के लोगों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। वास्तव में, भारत के लोगों की मांग को पूरा करने में 30,000 से अधिक छोटे और मध्यम तथा क्षेत्रीय स्तर के ब्रांडों का सबसे बड़ा योगदान है।

# 2021-22 में 90 लाख टन का हो सकता है चीनी निर्यातः इस्मा

नई दिल्ली / यूटर्न / 18 अप्रैल। उद्योग निकाय इस्मा के अनुसार, बांग्लादेश और इंडोनेशिया में बेहतर मांग के कारण सितंबर में समाप्त होने वाले चालू विपणन वर्ष में भारतीय चीनी का निर्यात बढ़कर 90 लाख टन से अधिक होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 71-72 लाख टन था। बता दें कि चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन ने कहा, बाजार की रिपोर्ट और बंदरगाह की जानकारी के अनुसार, अब तक लगभग 80 लाख टन चीनी निर्यात का अनुबंध किया गया है। इसमें से लगभग 57.17 लाख टन चीनी अक्टूबर 2021 से मार्च 2022 की अवधि के दौरान भौतिक रूप से देश से बाहर निर्यात की गई है, जबकि इसी अवधि के दौरान पिछले



चीनी वर्ष में लगभग 31.85 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया था। अप्रैल 2022 में लगभग 7-8 लाख टन चीनी निर्यात होना है। एसोसिएशन ने कहा, चालू वर्ष में प्रमुख निर्यात गंतव्य इंडोनेशिया और बांग्लादेश हैं, यहां कुल निर्यात का लगभग 44 प्रतिशत हिस्सा गया है जबकि पिछले साल इसी अवधि के दौरान इंडोनेशिया और अफगानिस्तान को सामूहिक रूप से कुल निर्यात का 48 प्रतिशत हिस्सा गया था। इस्मा ने कहा कि उसने 2021-22 के विपणन वर्ष के लिए अपने उत्पादन अनुमान को संशोधित कर 350 लाख टन कर दिया है। इसने अपने निर्यात अनुमानों को भी संशोधित कर 90 लाख टन से अधिक कर दिया। इसने कहा उपरोक्त और 272 लाख टन की घरेलू खपत को ध्यान में रखते हुए, 30 सितंबर 2022 को चीनी सीजन के अंत में 68 लाख टन का क्लोजिंग बैलेंस होगा।

हाल ही में, खाद्य सचिव सुधांशु पांडे ने कहा था कि 'सितंबर को समाप्त होने वाले चालू 2021-22 विपणन वर्ष में भारत का चीनी निर्यात 80 लाख टन को पार कर सकता है, जो पिछले वर्ष के स्तर से होगा।

# थोक महंगाई चार माह के उच्च स्तर 14.55 प्रतिशत पर

नई दिल्ली / यूटर्न / 18 अप्रैल। थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में चार महीने के उच्च स्तर 14.55 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से कच्चे तेल और जिंसों की कीमतों तेजी के चलते हुई, जबकि इस दौरान सब्जियों की कीमतों में कमी देखी गई। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2021 से लेकर लगातार 12वें महीने में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति दो अंकों में बनी हुई है। इससे पहले नवंबर 2021 में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति14.87 प्रतिशत थी। फरवरी 2022 में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति 13.11 प्रतिशत थी, जबकि मार्च 2021 में यह 7.89 प्रतिशत थी।



समीक्षाधीन माह में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.06 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.19 प्रतिशत थी। इस दौरान सब्जियों की महंगाई दर 26.93 फीसदी से घटकर 19.88 फीसदी रही। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मार्च 2022 में ऊंची मुद्रास्फीति मुख्य रूप से कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, मूल धातुओं आदि की कीमतों में वृद्धि के चलते रही। रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण भी महंगाई बढ़ी। समीक्षाधीन माह में विनिर्मित वस्तुओं की मुद्रास्फीति 10.71 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 9.84 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली की मुद्रास्फीति 34.52 प्रतिशत थी।

कच्चे तेल की मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 83.56 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 55.17 प्रतिशत थी। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के मुताबिक मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 6.95 प्रतिशत रही। यह लगातार तीसरा महीना है, जब उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति आरबीआई द्वारा तय छह प्रतिशत की सीमा से अधिक है।

# बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट-22 में ब्रिटेन का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल लेगा हिस्सा

कोलकाता / यूटर्न / 18 अप्रैल। दुनियाभर के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले बंगाल वैश्विक कारोबारी सम्मेलन (बीजीबीएस) में ब्रिटेन से 49 वरिष्ठ अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में व्यवसायों, संस्थानों और विश्वविद्यालयों के शीर्ष लोग 20-21 अप्रैल को यहां बीजीबीएस में ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक विज्ञप्ति में कोलकाता में पदस्थ ब्रिटेन के उप-उच्चायुक्त निक लो के हवाले से कहा गया, ब्रिटेन के उप-उच्चायुक्त और ब्रिटिश काउंसिल कोलकाता बीजीबीएस में ब्रिटेन के अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल को भेजेंगे। लो ने कहा, ''पिछले वर्ष मई में दोनों देशों के प्रधानमंत्री 2030 की जिस रूपरेखा पर सहमत हुए थे उसमें ब्रिटेन और भारत के बीच कारोबार और निवेश में




आमूलचूल परिवर्तन का वादा किया गया था। इसीलिए हम यहां पर हैं। मैं पश्चिम बंगाल में ब्रिटेन के निवेश और साझेदारी पार्टफोलिया को बढ़ाना चाहता हूं।'' उन्होंने बताया कि ब्रिटेन की कंपनियां राज्य में मौजूदा निवेश में विस्तार करना चाहती है, नई कंपनियों ने भी इसमें काफी दिलचस्पी दिखाई है। विज्ञप्ति के मुताबिक दो दिवसीय कार्यक्रम में ज्यादा जोर शिक्षा, अनुसंधान, रचनात्मक अर्थव्यवस्था और सतत पर्यटन होगा।

### डिस्ट्रिक्ट स्तरीय चेस मुकाबले कराए पांच एज-ग्रुप में

# डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन ने रखी चैंपियनशिप, खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। पंजाब स्टेट शतरंज एसोसिएशन की लुधियाना इकाई की देखरेख में जिला स्तरीय मुकाबले कराए गए। इस शतरंज चैंपियनशिप-2022 के दूसरे राउंड में अंडर-7, अंडर-11, अंडर-15, अंडर-19 और ओपन मुकाबले कराए गए। महानगर के बीआरएस नगर इलाके स्थित लोधी क्लब में यह रोमांचक मुकाबले हुए। इस दो दिवसीय चैंपियनशिप में कुल 60 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। लोधी क्लब के वाइस प्रेसिडेंट कवलजीत सिंह डंग ने मुख्य अतिथि बतौर पुरस्कार वितरित किए। जबकि लोधी क्लब के कार्यकारी सदस्त निशिथ सिंघानिया साथ मौजूद रहे। एलडीसीए के प्रेसिडेंट अरविंदर प्रीत सिंह ने दो मुख्य प्रायोजकों यानि खिलाड़ियों के माता-पिता अनंत गोयल, श्रीमती मोनिका गोयल, सौरव अग्रवाल व श्रीमती साक्षी अग्रवाल को टूर्नामेंट के आयोजन में विशेष योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। विजेताओं में अंडर-7 लड़कों के मुकाबलों में क्रमवार पहला स्थान कबीर आहूजा, सत पॉल मित्तल स्कूल 4 अंक, दूसरा-यांश गुप्ता सत पॉल मित्तल स्कूल 2.5 अंक (टाई ब्रेक 15) और तीसरा स्थान कृष्ण गुप्ता सत पॉल मित्तल स्कूल 2.5 अंक (टाई ब्रेक 12) रहा। जबकि अंडर -7 लड़कियों में क्रमवार




पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हरिदा कौर सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, सराभा नगर 4.5 अंक, अगमजोत कौर सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, सराभा नगर 3.5 अंक और मोक्षिता मेहरोत्रा बीसीएम आर्य मॉडल स्कूल, शास्त्री नगर 3 अंक ने हासिल किया। इसी क्रम में अंडर-11 लड़कों में क्रमवार पहला, दूसरा व तीसरा स्थान जहान गोयल सत पॉल मित्तल स्कूल 5 अंक, विद्या सागर बीसीएम आर्य मॉडल स्कूल, शास्त्री नगर 4 अंक (टाई ब्रेक 16.5) व स्वानिक अग्रवाल सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, सराभा नगर 4 अंक (टाई ब्रेक 15) ने हासिल किया। जबकि अंडर-11 लड़कियों में क्रमवार पहला, दूसरा व तीसरा स्थान अस्मी ढंड सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी, स्कूल, बीआरएस नगर 3 अंक, अवंतिका ओसवाल दिल्ली पब्लिक स्कूल 2.5 अंक और साहिरा गुप्ता सत पॉल मित्तल स्कूल 2 अंक ने हासिल किया। इसके अलावा अंडर-15 लड़कों में क्रमवार पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर चिन्मय जग्गा बीसीएम आर्य मॉडल स्कूल, शास्त्री नगर 5 अंक, कनिष्क बीसीएम आर्य मॉडल स्कूल, शास्त्री नगर 4 अंक (टाई ब्रेक 13) व प्रणव बांसल बीसीएम आर्य मॉडल स्कूल, शास्त्री नगर 4 अंक (टाई ब्रेक 12) रहे। इसी तरह अंडर-15 लड़कियों में क्रमवार प्रथम व द्वितीय प्रिशा नैनो सहगल बीसीएम आर्य मॉडल स्कूल, शास्त्री नगर 3 अंक (टाई ब्रेक 14), जपजी कौर बीसीएम आर्य मॉडल स्कूल, शास्त्री नगर 3 अंक (टाई ब्रेक 9) रहीं। अंडर-19 लड़के में प्रभनूर सिंह ग्रीनलैंड सीनियर सेकेंड स्कूल 4 अंक ने पहला, श्री शेठ पांडे एससीडी सरकार कॉलेज 3 अंक ने दूसरा तो नमन ठाकुर बीसीएम आर्य मॉडल स्कूल, शास्त्री नगर 1 अंक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि ओपन मुकाबले में शौर्य वर्मा 3 अंक (टाई ब्रेक 1) पहले, कुणाल कपिला 3 अंक (टाई ब्रेक ) दूसरे और रिभव विज 1 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

# गैंगस्टर से आतंकवादी बने अर्श डल्ला के दो साथी एम.पी.-5 गन और 44 जिंदा कारतूस समेत काबू

नवीन गोगना

चंडीगढ़ / यूटर्न / 18 अप्रैल। राज्य की अमन-शांति को भंग करने के लिए विदेश आधारित देश विरोधी तत्त्वों की संभावित कोशिशों को नाकाम करते हुये पंजाब पुलिस के इंटेलिजेंस विंग ने आज भगौड़े गैंगस्टर से आतंकवादी बने अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला के दो नज़दीकी साथियों को गिरफ़्तार किया है।

गिरफ़्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान हरश कुमार और उसके साथी राघव, दोनों कोट इसे खां ज़िला मोगा के निवासी हैं, के तौर पर हुई है। पुलिस ने इनके पास से 44 जिंदा कारतूसों समेत विदेशी एमपी-5 गन भी बरामद की है। अन्य विवरण देते हुये डीजीपी पंजाब वी.के. भावरा ने बताया कि ख़ुफ़िया एजेंसी के नेतृत्व में स्टेट स्पैशल आप्रेशन सैल (एस.एस.ओ.सी.), अमृतसर की टीम ने दोनों मुलजिमों को गिरफ़्तार करने में कामयाबी हासिल की है।





## अर्श डल्ला कौन है?

सक्रिय गैंगस्टर से आतंकवादी बना अर्श डल्ला मोगा का निवासी है और अब कनाडा में रहता है। वह पिछले समय से कई गैंगस्टर और आतंकवाद से सम्बन्धित गतिविधियों में शामिल रहा है। पंजाब पुलिस ने पहले ही अर्श डल्ला के कई मॉड्यूलों का पर्दाफाश करके उसके नज़दीकी साथियों को गिरफ़्तार किया है और उनके पास से आई.ई.डीज़, हथ गोले और अन्य हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पंजाब पुलिस की तरफ से उसे काबू करने के लिए उचित स्तर पर ठोस यत्न किये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक पूछताछ के दौरान हरश ने खुलासा किया कि वह मोगा के गाँव शादीवाला के गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी के द्वारा अर्श डल्ला के संपर्क में आया था, जिसको मोगा पुलिस ने जनवरी 2022 में हथ गोलों और हथियारों की खेप समेत गिरफ़्तार किया था। डीजीपी ने बताया कि गोपी की गिरफ़्तारी के बाद, अर्श डल्ला ने ऐनक्रिपटड ऐपस के द्वारा हरश कुमार के साथ संपर्क बनाया और उसको अपने लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगे बताया कि अर्श डल्ला ने कम से कम दो मौकों पर हरश कुमार को फंड भी भेजे थे। उन्होंने बताया कि मौजूदा खेप का प्रबंध भी अर्श डल्ला की तरफ से किया गया है।

ए.आई.जी. एस.एस.ओ.सी. अमृतसर सुखमिन्दर मान ने बताया कि किस ढंग से मुलजिमों ने हथियार प्राप्त किये हैं और यह हथियार उन तक पहुँचाने के मकसद संबंधी पता लगाने के लिए आगे जांच की जा रही है। इसी दौरान, इस सम्बन्धी स्टेट स्पैशल आप्रेशन सैल, अमृतसर में सम्बन्धित धाराओं के अंतर्गत एफ.आई.आर. दर्ज कर ली गई है और दोनों मुलजिमों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड लिया जायेगा।

## गायक पंकज उदास ने किया स्काईवे हॉजरी का दौरा



लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। लुधियाना दौरे पर आये गजल गायक पंकज उदास ने सोमवार को स्काइवे हॉजरी परिसर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मनमोहन सिंह बावा और भरपूर सिंह बावा से मुलाकात की।

## हीरो साइकिल में लाखों की चोरी, ड्राइवर ने ही उड़ाया कंटेनर




लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। हीरो साइकिल्स कंपनी में लाखों रुपये के सामान की चोरी होने की सूचना मिली है। जानकारी के अनुसार चोरी करने वाला कंपनी का ड्राइवर ही बताया जा रहा है। जो लाखों रूपये के पार्ट्स से लदा कंटेनर लेकर फरार हो गया। थाना मोती नगर पुलिस ने ड्राइवर तथा उसकी गाड़ी बुक करवाने वाले ब्रोकर के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत केस दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की है। एएसआइ अनिल कुमार ने बताया कि आरोपियों की पहचान हरियाणा के जिला भिवानी के गांव सिंघाटी निवासी सुखविंदर तथा जिला भिवानी के गांव रामपुरा अटीला निवासी धर्मेंद्र के रूप में हुई। पुलिस ने कुलियेवाल स्थित गुरुनानक नगर की गली नंबर एक निवासी संजय कुमार की शिकायत पर उनके खिलाफ केस दर्ज किया। अपने बयान में उसने बताया कि 30 मार्च को हीरो साइकिल लिमिटेड कंपनी साइकिल पार्ट्स कंटेनर नंबर एच आर 55 यू 0461 पर लोड करके आरोपित सुखविंदर के माध्यम से आरोपी धर्मेंद्र के खाते में 45800 रुपए डाल कर उसे तमिलनाडु के लिए रवाना किया गया था। मगर आरोपित माल लेकर तमिलनाडु नहीं पहुंचा। जब इसके बारे में ब्रोकर सुखविंदर सिंह के साथ बात की गई तो उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उसके बाद धर्मेंद्र का फोन लगातार बंद आ रहा है। आरोपियों ने साजिश के तहत मिलीभगत करके माल को खुर्द बुर्द करके संजय कुमार के साथ विश्वासघात किया है। अनिल कुमार ने कहा कि दोनों आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 55वां फ्री पोलियो ऑपरेशन कैंप आयोजित



लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। महिला शाखा भगवान महावीर सेवा सोसायटी एवं भगवान महावीर सेवा संस्थान द्वारा 55 वा फ्री पोलियो ऑपरेशन एवं सेवा रत्न अवार्ड समारोह का आयोजन जैन स्थानक , सिविल लाइन ,के प्रांगण में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी जी के चित्र का अनावरण दानवीर जितेंद्र जैन श्रमण जी यारण प्राइवेट लिमिटेड परिवार के द्वारा एवं पोलियो सर्जरी वार्ड का उद्घाटन कंगारू ग्रुप ऑफ इंडस्ट्री के. आरती जैन, नेहा जैन ने अपने कर कमलों से किया कार्यक्रम का शुभारंभ माता पद्मावती जैन महिला मंडल इन द नगर द्वारा महामंत्र नवकार के सामूहिक उच्चारण के साथ किया गया महिला शाखा महामंत्री रिचा जैन एवं डॉ बबिता जैन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा हमारा संस्थान सन् 2004 से निरंतर मानव सेवा कार्य में सक्रिय रहने का श्रेय लुधियाना शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं दानवीर हो ही जाता है इनके वर्षों से चले आ रहे सहयोग के कारण ही आज हम तकरीबन 14 प्रोजेक्टओं के ऊपर काम कर रहे हैं जैसे पोलियो ग्रस्त एवं टेढ़े मेढ़े हाथों से पीड़ित मरीजों के फ्री ऑपरेशन बनावटी अंग, टांग -बाजू, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कानों की ऊंचा सुनने वाली मशीन, मोतियाबिंद आंखों के ऑपरेशन, सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई में वित्तीय सहयोग, गरीब कन्याओं की शादी में आर्थिक सहयोग, अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों को आर्थिक सहयोग, निरंतर चलने वाली दवाइयों के लिए आर्थिक सहयोग, पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधे लगाना आदि।

## नेशनल चाइल्ड लेबर प्रोजेक्ट के तहत अध्यापकों ने बिट्टू से की मुलाकात



लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। नेशनल चाइल्ड लेबर प्रोजेक्ट (एनसीएलपी) के तहत अध्यापकों ने सोमवार सांसद रवनीत बिट्टू को मिनी सचिवालय में मांगपत्र दिया। अध्यापकों ने मांगपत्र में कहा कि प्रोजेक्ट अधीन 32 सेंटर्स चल रहे थे जिसमें नौ से 14 साल के बच्चे पढ़ते हैं। यह प्रोजेक्ट 31 मार्च, 2022 को बंद कर दिए गए हैं जिसके बारे में पहले किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई थी। वहीं अब कहा जा रहा है कि प्रोजेक्ट अधीन पढ़ने वाले बच्चों को सर्व शिक्षा अभियान में विलय किया जा रहा है जबकि इन बच्चों की आयु अधिक होने के चलते सरकारी स्कूलों में दाखिला नहीं किया जा रहा है। प्रोजेक्ट बंद होने के चलते इसमें बढ़ाने वाले अध्यापक बेरोजगार हो गए है। अध्यापकों ने मांग की है कि अध्यापकों का भी सरकारी स्कूलों में विलय किया जाए।

## भाजपा के पूर्व प्रधान विजय सांपला का ड्राइवर गिरफ्तार

जालंधर / यूटर्न / 18 अप्रैल। पंजाब भाजपा के पूर्व प्रधान विजय सांपला का ड्राइवर शेरू को सोमवार को जालंधर पुलिस ने एक मामले में गिरफ्तार कर लिया। यह मामला हरविंदर कौर मिंटी का है। मिंटी की शिकायत पर ड्राइवर शेरू को दबोच लिया गया है। हरविंदर कौर मिंटी ने बताया कि पूर्व प्रधान विजय सांपला और उनके परिवार समेत आम आदमी पार्टी के विधायक शीतल अंगुराल परिवार के खिलाफ उनका केस अदालत में चल रहा है। अदालत के आदेश के बाद आज ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। मिंटी कौर ने बताया कि उनके ऊपर जमकर हत्याचार हुआ है। उधर, मिंटी कौर के इन आरोपों को विजय सांपला औऱ शीतल अंगुराल परिवार लगातार नकारता आ रहा है। फिलहाल मामला कोर्ट में है।



## सैकड़ों युवा शिव सेना हिंदुस्तान में शामिल



लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। शिव सेना हिंदुस्तान लुधियाना ईकाई की एक बैठक पार्टी के उपाध्यक्ष पंजाब प्रभारी हरियाणा व हिमाचल मनी कुमार की देखरेख में कैलाश नगर में हुई जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी पंजाब कृष्ण शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पंजाब संजीव देम,जिला अध्यक्ष देवेंद्र भगरिया,विशेष तौर पर पहुंचे पार्टी को उस समय भारी सफलता मिली जब बैठक में मौजूद इलाके के प्रमुख समाज सेवक चिंटू शुक्ला अपने सैकड़ों साथियों नवल, रमेश वर्मा,मनोज शर्मा, कल्लू, कुलदीप, आमोद, सुमित, दीप, आकाश शुक्ला, राजेश, विशाल शुक्ला, प्रेम कुमार, संजय शुक्ला, लाला श्रीवास्तव, ध्रुव पांडे, नीरज, रामजीत वर्मा, अखिलेश वर्मा, मोहित वर्मा,सुनील वर्मा सहित शिव सेना हिंदुस्तान में शामिल हो गए जिन्हें पार्टी की वरिष्ठ लीडरशिप द्वारा सिरोपें व डालकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर अपने संबोधन में कृष्ण शर्मा, संजीव देम, मनि कुमार, देवेन्द्र भगरिया, ने सयुंक्त रूप से कहा कि पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर बड़ा नौजवान वर्ग पार्टी में शामिल हो रहा है पूरे पंजाब में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

## विश्व विरासत दिवस पर आर्किटेक्टों की मांग, दोराहा किले को बेहतर बनाए सरकार

लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। विश्व विरासत दिवस को लेकर लुधियाना के आर्किटेक्टों ने लुधियाना की धरोहरों को बचाने के लिए पंजाब सरकार से अपील की है। आर्किटेक्ट पंजाब एवं चंडीगढ़ रीजन के चेयरमैन आर्किटेक्ट संजय गोयल ने कहा कि सरकार को पंजाब की प्रमुख धरोहरों को बचाने के लिए अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लुधियाना भी एक एतिहासिक शहर है और यहां की इंडस्ट्री के साथ साथ कई धरोहर भी आकर्षण का केन्द्र बन सकती है। इसमें दोराहा के नजदीक किले भी खास महत्ता है। यहां पर बालीवुड की कई फिल्मों की शूटिंग भी हो चुकी है। इस किले के सौंदर्यीकरण से इसे विजिटर्स के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाया जा सकता है।



आर्किटेक्ट संजय गोयल ने कहा कि इसके लिए टीम इंडियन इंस्टीटयूट आफ आर्किटेक्ट लुधियाना और पंजाब चैप्टर इसके लिए पूर्ण सहयोग देने को तैयार है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को तत्काल आरंभ करने की मांग की है। जिसमें इस किले को बेहतर किया जाए। इसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन और टूरिज्म विभाग से अपील की है।

## सीटी यूनिवर्सिटी में एवरेस्ट बेटर किचन कलिनरी चैलेंज सीजन 3 आयोजित

लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। लुधियाना में एवरेस्ट बेटर किचन कलिनरी चैलेंज सीजन 3 का आयोजन किया गया। इस नेशनल लेवल किचन चैलेंज में पंजाब के 30 विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमों और पंजाब होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के साथ-साथ सी टी यूनिवर्सिटी ने भाग लिया। इस अवसर का मुख्य आकर्षण प्रत्येक प्रतिभागी में बहुमुखी प्रतिभा देखना था। प्रत्येक छात्र अपने स्वयं के भोजन की तैयारी क्षेत्र में बहुत दृढ़ता से जुटा हुआ था और उनमें से प्रत्येक एक मुंह में पानी लाने वाला व्यंजन लेकर आया था जो 'फ्लेवर ऑफ इंडिया' विषय से मेल खाता था।कार्यक्रम का आयोजन स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट, एयरलाइंस एंड



टूरिज्म, सी टी यूनिवर्सिटी द्वारा स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. अमित कुमार के संरक्षण में किया गया था। शेफ गौतम महर्षि मुख्य अतिथि थे जबकि जूरी पैनल में शेफ विकास चावला, शेफ विश्वदीप बाली और शेफ संदीप शामिल थे। इस अवसर पर बेटर किचन के श्री वीरेंद्र और एकता भार्गा शेफ कला के शेफ नीलू कौरा ने भी शिरकत की। सभी ने छात्रों से बातचीत की और भविष्य के लिए मार्गदर्शन किया।डॉ. कुमार ने कहा कि इस चुनौती में भाग लेने के लिए आने वाले सभी लोगों के लिए यह एक सीखने का महान अनुभव था और उन्होंने एकता, वीरेंद्र और शेफ नेलू को इस कार्यक्रम की मेजबानी करने का अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा कि अपने करियर के रूप में रसोई के पेशे के प्रति छात्रों के उत्साह को देखकर बहुत खुशी हुई।इस अवसर पर सीटी विश्वविद्यालय के उप-कुलपति डॉ. हर्ष सदावर्ती भी उपस्थित थे। उन्होंने एवरेस्ट और टीम बेटर किचन को उनके पूर्ण समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और मुख्य अतिथि और जूरी सदस्यों को सम्मानित किया।

# भाजपा द्वारा लोकसभा उप-चुनाव व नगर निगम चुनावों के लिए इंचार्ज व सह-इंचार्ज नियुक्त

नवीन गोगना

चंडीगढ़ / यूटर्न / 18 अप्रैल। पंजाब में आगामी कुछ महीनों में होने वाले नगर निगम चुनावों तथा संगरूर लोकसभा सीट के लिए उप-चुनाव होने जा रहे हैं। इन दोनों चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा चुनावी गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए पदाधिकारियों की जिम्मेवारियां सुनिश्चित कर दी गई हैं। प्रदेश भाजपा महासचिव जीवन गुप्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि आगामी नगर निगम चुनावों तथा संगरूर लोकसभा सीट के उप-चुनाव में भाजपा अपने प्रत्याक्षी उतारेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा नगर निगम चुनाव एवं लोकसभा उप-चुनाव के लिए प्रदेश भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो इस चुनाव की देखरेख करेंगें और उसकी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को देंगें। जीवन गुप्ता ने कहा कि संगरूर लोकसभा सीट उप-




चुनाव की तैयारियों व देखरेख के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी को इंचार्ज नियुक्त किया गया है और उनके साथ सह-इंचार्ज के पद पर अनिल सरीन (मुख्य प्रवक्ता भाजपा पंजाब) तथा एस.आर. लद्दड़ (रिटायर्ड आई.ऐ.एस.) को सह-इंचार्ज नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त नगर निगम चुनाव की तैयारियों व देखरेख के लिए पंजाब की विभिन्न निगमों में अलग-अलग इन्चार्ज व सह-इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं। गुप्ता ने कहा कि अमृतसर नगर निगम चुनाव के लिए पूर्व विधायक दिनेश बब्बू को इंचार्ज तथा मंजीत सिंह मन्ना को सह-इंचार्ज नियुक्त किया गया है। जालंधर नगर निगम चुनाव के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री तीक्ष्ण सूद को इंचार्ज तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री फ़तेहजंग सिंह बाजवा को सह-इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

फगवाड़ा नगर निगम चुनाव के लिए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नरिंदर परमार को इंचार्ज तथा पूर्व विधायक अविनाश चंद्रा को सह-इंचार्ज नियुक्त किया गया है। लुधियाना नगर निगम चुनाव के लिए जंगी लाल महाजन को इंचार्ज तथा पूर्व विधायक डॉ. हरजोत कमल को सह-इंचार्ज नियुक्त किया गया है। पटियाला नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरजीत सिंह गरेवाल को इंचार्ज तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य परमिंदर बराड़ को सह-इंचार्ज नियुक्त किया गया है। संगरूर नगर निगम चुनाव के लिए प्रदेश प्रवक्ता अशोक भारती को इंचार्ज तथा जगदीश कुमार जग्गा को सह-इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

# 40 लड़कियों ने किया पहली बार रक्तदान



लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। रोटरी क्लब लुधियाना मिड टाउन द्वारा गुरुनानक खालसा कॉलेज फार वुमन में आयोजित ब्लड डोनेशन कैम्प में 40 लड़कियों ने जीवन में पहली बार रक्तदान किया। इस अवसर पर रोटेरियन सीएम विशाल गर्ग ने बताया कि सामान्यतः ब्लड कैंप में महिलाओं की भागेदारी सिर्फ 5 प्रतिशत के आसपास होती है। इस बार यह भागेदारी 98 प्रतिशत रही। इस अवसर पर रोटेरियन सुनील बुद्धिराजा, सोहेल बुद्धिराजा, राजन कपूर, अंजू कपूर, रोटेरियन विशाल गर्ग, साची गर्ग, इंदरबीर सिंह, सुनील नंदा भी मौजूद रहे। कैंप के दौरान कॉलेज प्रिंसिपल ने 55 वीं बार रक्तदान किया।

# गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब में नाम सिमरन अभ्यास का आयोजन

लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब फील्ड गंज लुधियाना में नाम सिमरन अभ्यास समारोह का आयोजन संगतों के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर बीबी गगनदीप कौर व बीबी हरशरण कौर खालसा के रागी जत्थों ने संगतों को गुरबाणी कीर्तन व गुरमति विचारों से निहाल किया। भाई रजिदरपाल सिंह खालसा ने अपने साथियों के साथ मिलकर श्री जपुजी साहिब व श्री चौपाई साहिब के पाठ संगती रूप में सरवण करवाए। भाई गुरदास गुरमति मिशनरी कालेज के विद्यार्थियों व भाई बलविन्द्र सिंह ने श्री सुखमनी साहिब का पाठ संगती रूप में किया। गुरदुारा साहिब के कथा वाचक ज्ञानी हरजीत सिंह ने श्री सुखमनी साहिब के पाठ में



से व्याख्या की गई। रागी जत्थों को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव अवतार सिंह व रणदीप सिंह डिंपल ने सिरोपा डालकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह विकल, कमलप्रीत सिंह, सतनाम सिंह, कुलदीप सिंह, कुलदीप सिंह, राजेंद्र सिंह टिकू, जगजीत सिंह, जतिन्द्र सिंह रोबिन, गुरेंद्रपाल सिंह, अर्षदीप सिंह, हरप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरजोत सिंह, चन्नप्रीत सिंह, अरविन्द्र सिंह धंजल आदि शामिल थे।

# पंजाब के तीन लाख करोड़ रुपये के कर्ज की होगी वसूली: सीएम मान

चंडीगढ़ / यूटर्न / 18 अप्रैल। सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने स्पष्ट कर दिया है कि राज्य पर चढ़े तीन लाख करोड़ रुपये के कर्ज के बारे में विस्तृत जांच की जाएगी और यह पता लगाया जाएगा कि पिछली सरकारों ने पैसा कहां खर्च किया। कर्ज के पैसे से कौन-कौन से विकास कार्य किए गए, इसका पूरा हिसाब होगा और जांच के बाद रिकवरी भी की जाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को जांच करने की घोषणा की।

पिछली सरकारों द्वारा लिए गए कर्ज की अदायगी के लिए जो रकम और ब्याज चुकाया जा रहा है, वह पंजाब की जनता का पैसा है। ऐसे में जनता को यह जानना जरूरी है कि सरकारों ने कर्ज लेकर राज्य और जनता के हित में कौन-कौन से काम किए थे। उल्लेखनीय है कि पंजाब में पिछले करीब 70 साल से कांग्रेस और



## मुझे पता है कर्ज का पैसा कहां पड़ा है: मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पता है कि कर्ज का पैसा कहां-कहां पड़ा है? उन्होंने कहा कि इस पैसे की रिकवरी करनी है। आखिर यह पैसा राज्य के लोगों का है। हम इसे यह कहकर नहीं छोड़ सकते कि जो हो गया, सो हो गया। गौरतलब है कि भगवंत मान ने बीते शनिवार को पंजाब में प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली का एलान करते हुए प्रदेश पर चढ़े कर्ज का मुद्दा भी उठाया था। उस समय भी उन्होंने कर्ज के पैसे की रिकवरी की बात कही थी।

अकाली दल की अगुवाई वाली ही सरकारें रही हैं। पंजाब पर इस समय लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। इसके ब्याज के एवज में ही सरकार को हर महीने एक भारी-भरकम रकम देनी पड़ती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बार सवाल उठाया जाता है कि पंजाब पर तीन लाख करोड़ रुपये का कर्ज है और आम आदमी पार्टी की सरकार जनता से किए वादों को कैसे पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि पंजाब में बीते कई सालों से न तो कोई नया अस्पताल बना, न कोई सरकारी स्कूल-कॉलेज बना और न ही कोई सरकारी विश्वविद्यालय ही बना। राज्य में जो सरकारी विश्वविद्यालय पहले से चल रहे हैं, वह भी घाटे में हैं। राज्यभर में बन रहे हाईवे निजी कंपनियों बना रही हैं तो कर्ज का पैसा आखिर कहां गया।

# सेलिब्रेशन क्लब की ओर से डांडिया इवेंट का आयोजन किया गया














लुधियाना / यूटर्न / 18 अप्रैल। सेलिब्रेशन क्लब की ओर से दुगरी के एक रेस्तरां में डांडिया इवेंट का आयोजन किया गया। क्लब सदस्याएं परंपरागत पहरावे में ड्रेसअप हो पहुंची। इवेंट का आयोजन अनु गुप्ता और रूबी गुप्ता की ओर से किया गया। शुरूआत में तंबोला खेला गया जिसके लिए सरप्राइज गिफ्टस दिए गए। इसके बाद फन गेम्स कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहे जोकि डांडिया थीम पर ही आधारित रहा। इसके बाद डीजे फ्लोर सभी के लिए ओपन रहा। ढोली तारो ढोल बाजे, ढोल बाजे गीत पर महिलाओं ने डांडिया खेला। इसके बाद अन्य गीत भी चले जिसमें मेंबर्स ने डांस का लुत्फ उठाया।



### खबर जरा हटके


## अपने यूजर्स के लिए शानदार फीचर ला रहा व्हाट्सएप

मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप अपने यूजर्स के लिए एक नया ड्रॉइंग टूल फीचर पेश कर सकता है। WABetaInfo के अनुसार, व्यवसाय चुनिंदा उपयोगकर्ताओं के समूह को iOS के लिए व्हाट्सएप बीटा पर नए ड्राइंग टूल प्रदान कर रहा है। यह सुविधा अब व्हाट्सएप पर कुछ बीटा टेस्टर्स के लिए शुरू की जा रही है।



भविष्य के उन्नयन की स्थापना के बाद, और अधिक सक्रियता की उम्मीद है रिपोर्ट के अनुसार, हमने अपने लेख में एंड्रॉइड 2.22.3.5 अपग्रेड के लिए व्हाट्सएप बीटा के बारे में बताया कि व्हाट्सएप की योजना तीन नए स्केचिंग टूल: दो नए पेंसिल और एक ब्लर टूल जारी करने की है। आईओएस के लिए व्हाट्सएप पर ब्लर टूल पहले से ही उपलब्ध था, इसलिए इन नए ड्राइंग टूल्स का उपयोग करते हुए ड्राइंग एडिटर का यूआई बिल्कुल नया है। कुछ बीटा परीक्षकों के पास नए आरेखण संपादक इंटरफ़ेस तक पहुंच है, और भविष्य में अतिरिक्त सक्रियण की उम्मीद है। कुछ उपयोगकर्ताओं को पहले ही एंड्रॉइड के लिए व्हाट्सएप बीटा पर यह कार्यक्षमता प्राप्त हो चुकी है, और एक बार फिर से उपयोगकर्ताओं को इसे प्राप्त करने के बाद एक नया चेंजलॉग प्रदान किया जाएगा। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, व्हाट्सएप अब एक ऐसा फीचर पेश कर रहा है जो यूजर्स को यह देखने की अनुमति देता है कि कोई डॉक्यूमेंट पूरी तरह से डाउनलोड किया गया है या उनके सर्वर पर पोस्ट किया गया है।

### आज का विचार




### कार्टून-कोना, राज-नीति







# महाराष्ट्र की सियासत में राज ठाकरे का 'लाउड' अंदाज, दिए सनसनी पैदा करने वाले बयान

राज ठाकरे का राजनीति में कमबैक इन दिनों खूब सुर्खियों में है। ये कमबैक कोई चुनाव जीतने की वजह से नहीं हुआ है। राज ठाकरे का कमबैक महाराष्ट्र की दूसरी पार्टियों की वजह से हुआ है। जो पार्टियां राज के बयानों पर रिएक्ट तक नहीं करती थी। वो उन्हें भाव न देने की कोशिश में भाव दे रहे हैं। ठाणे में राज ठाकरे ने तलवार लहराई, सनसनी पैदा करने वाले बयान दिए। बदले बदले से सरकार नजर आते हैं, आज कल बदले बदले से अंदाज नजर आते हैं। राज ठाकरे इन दिनों जहां जाते हैं अपना रिकॉर्ड लाउड टोन में बजाते हैं। यू तो उनकी पार्टी अल्ट्रा नेशनलिस्ट कहलाती है। हिंदुत्व और मराठा क्षेत्रवाद को साथ ले जाती है। मगर उनके सुर में इतनी तुरखी पहली बार देखी जा रही है। 2006 में शिवसेना से बकावत के बाद वो सबको साथ लेकर चलने की बात करते थे। अब ये बदला हुआ तेवर राज साहब के कुछ साथियों को भी रास नहीं आ रहा है। उम्मीद थी की राज ठाकरे ठाणे की रैली में पिक्चर क्लियर करेंगे। मगर अजान के सामने हनुमान




चालीसा की बात करने वाले राज अब खुले में पढ़ी जाने वाली जुमे की सामूहिक नमाज पर भी सवाल उठा रहे हैं।

**कभी झंडे में था मुसलमानों का हरा रंग**

ये वही राज ठाकरे हैं जिनकी पार्टी के झंडे में कभी मुसलमान का एक रंग हरा भी था। पार्टी का मोटो मराठियों की आर्थिक आत्मनिर्भता था। वो यूपी-बिहार के लोगों को मुंबई से भगाने की बात करते थे। अबकी उनका स्टैंड अल्ट्रा हिन्दुत्व वाला है। इसमें मराठा क्षेत्रवाद कही पूछे छूटा लगता है।

राज ठाकरे का लाउड अंदाज

**राज ठाकरे का अल्टीमेटम नं 1-**

हमारे भी त्योहार होते है। नवरात्रि होती है। 10 दिन के लिए हम समझ सकते हैं। फिर लाउडस्पीकर कम ही लगाना चाहिए। त्योहारों के दौरान हम समझ सकते हैं। लेकिन आप 365 दिन लाउडस्पीकर लगाते हैं। 3 तारीख को ईद है। मेरी राज्य सरकार और गृह विभाग से विनती है। हमें दंगा या कुछ और नहीं करना है। हमारी इच्छा भी नहीं है। महाराष्ट्र के हालात हमें नहीं बिगाड़ना है। आज 12 तारीख है। 12 से 3 मई के बीच में महाराष्ट्र के सभी मौलवियों को बुलाओ। उन्हें बोलो सभी मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर उतरने चाहिए।

**राज ठाकरे का अल्टीमेटम नं 2-**

जो मेरा भाषण सुन रहे हैं, उन सभी को साक्षी मानकर मैं कहना चाहता हूं कि जिन मुसलमानों को प्रार्थना करना है। अपने घर में करें। हर कोई अपना धर्म अपने घर पर रखे। उसे सड़क पर न लाए। जब त्योहारो का मौका होगा तो हम 10-15 दिन समझ सकते हैं। लेकिन 365 दिन 24 घंटे ये नाटक, लफड़ा इसके आगे महाराष्ट्र में नहीं चलेगा।

**राज ठाकरे का अल्टीमेटम नं 3-**

नरेंद्र मोदी सरकार से यही कहना है कि ये दो मांगे पूरी करो। देश पर बहुत उपकार होगा। पहला कि इस देश में समान नागरिक संहिता लागू करो। दूसरा इस देश में जनसंख्या पर नियंत्रण लाया जा सके ऐसा कानून बनाओ। हमारे पास एक और आपके पास पांच पांच। हमे इसकी तकलीफ नहीं है। लेकिन जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है। किसी दिन विस्फोट हो जाएगा। ये कुछ चीजें देश में होना जरूरी हैं।

# मणिपुर की इन फेमस डिशेज को चखे बिना अधूरी है आपकी यात्रा

मणिपुर ना सिर्फ घूमने के लिए ही नहीं बल्कि अपने ट्रेडिशनल खाने के लिए भी जाना जाता है। मणिपुर मे खाने-पीने की बहुत सारी वैरायटी देखने को मिलती है। यहाँ के लोग मछली और चावल बहुत शौक से खाते हैं। आज के इस लेख में हम आपको मणिपुर की फेमस डिशेज के बाऱे में बताने जा रहे हैं। प्रकृति की गोद में बसा नॉर्थ ईस्ट राज्य मणिपुर शांति और प्रकृति पसंद लोगों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। मणिपुर में घूमने के लिए बहुत से प्रसिद्ध पर्यटक स्थल हैं। मणिपुर ना सिर्फ घूमने के लिए ही नहीं बल्कि अपने ट्रेडिशनल खाने के लिए भी जाना जाता है। मणिपुर मे खाने-पीने की बहुत सारी वैरायटी देखने को मिलती है। यहाँ के लोग मछली और चावल बहुत शौक से खाते हैं। आज के इस लेख में हम आपको मणिपुर की फेमस डिशेज के बाऱे में बताने जा रहे हैं। अगर आप भी मणिपुर जाएं तो खाने की ये डिशेज जरूर ट्राई करें-

**ऐरोबा**



ऐरोबा मणिपुर की बहुत फेमस डिश है। इस डिश में मछली को उबालकर उसे ड्राई करके बनाया जाता है। चावल के साथ ऐरोबा खाने का मज़ा आप कभी नहीं भूल पाएंगे। अगर आपको फिश खाने के शौक़ीन हैं तो आपको यह डिश पक्का पसंद आएगी।

**पाक्नम**

मणिपुर के लोग मछली चावल ज्यादा पसंद करते हैं। इस डिश को भी मछली से तैयार किया जाता है लेकिन यह देखने में यह बिल्कुल आलू की टिक्की या कबाब जैसी लगती है। यह डिश सॉस और चटनी के साथ सर्व की जाती है।

**सिगंजू**

अगर आप मणिपुर गए हैं तो वहां का फेमस सलाद सिगंजू जरूर ट्राई करें। इस सलाद में गोभी, प्याज, कमल कटाई, गेंगू पत्ती और अदरक का मिक्सचर होता है। मणिपुर में यह सलाद आपको हर डिश के साथ जरूर सर्व की जाएगी।

**चामथोंग**

चामथोंग मणिपुर की बेहद खास डिश है। यह डिश सूप जैसी होती है, इसे तैयार करने के लिए मौसमी सब्जियों को उबाला जाता है। इस डिश को चावल और मछली के साथ सर्व किया जाता है।

**मोरोकक मेटपा**

मोरोकक मेटपा मणिपुर की एक फेमस डिश है। यह टेस्टी और स्पाइसी चटनी प्याज और हरी मिर्च को मिलाकर तैयार की जाती है। इस चटनी को फ्राई व उबली हुई मछलियों के साथ खाया जाता है।

# टैनिंग से बचने के लिए कम पैसों में घर पर ही बनाएं नेचुरल सनस्क्रीन

गर्मियां आ चुकी हैं और ऐसे में घर से बाहर निकलते समय सनस्क्रीन लगना बहुत ज़रूरी है। गर्मियों में तेज धूप के कारण त्वचा टैन यानी सांवली पड़ जाती है और धूप से त्वचा का निखार भी चला जाता है। वैसे तो बाजार में कई सारी सनस्क्रीन क्रीम्स मौजूद हैं लेकिन इसमें बहुत सारे केमिकल्स मौजूद होते हैं। इससे चेहरे पर चकत्ते, रैश, रेडनेस, पिंपल्स आदि समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में आप घर पर ही नेचुरल सनस्क्रीन तैयार कर सकते हैं, जिससे त्वचा को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचता है और धूप से भी बचाव होता है। आज के इस लेख में हम आपको नेचुरल होममेड सनस्क्रीन बनाने की विधि बताने जा रहे हैं -

**होममेड सनस्क्रीन बनाने के लिए सामग्री**

एलोवेरा जैल- 1/2 कप
नारियल का तेल- 1 चम्मच
पिपरमिंट एसेंशियल ऑयल- 10-12 बूंदें



होममेड सनस्क्रीन बनाने का तरीका

होममेड सनस्क्रीन को बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में एलोवेरा जेल लें।

अब इसमें 1 चम्मच नारियल का तेल डालकर अच्छी तरह से मिलाएं।

इसके बाद इसमें 10-12 बूंदें पिपरमिंट ऑयल की डालें।

अब इन सभी चीजों को अच्छी तरह मिलाएं और एक गाढ़ा और क्रीमी पेस्ट तैयार कर लें।

आपका नेचुरल सनस्क्रीन तैयार है।

आप इसे किसी एयर टाइट कंटेनर में स्टोर करके रख सकते हैं।

घर से बाहर निकलने से पहले इस सनस्क्रीन को आप चेहरे, गर्दन और हाथों पर जरूर लगाएं।

**होममेड सनस्क्रीन के फायदे**

एलोवेरा जेल में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होता है और यह यूवी किरणों के प्रभाव से स्किन को बचाता है। इसके साथ ही, इसमें एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो स्किन को डैमेज होने से बचाता है। यह स्किन को कूलिंग इफेक्ट देता है और डेड सेल्स को निकालकर त्वचा की देखभाल करता है। इसके अलावा, पिपरमिंट ऑयल में विटामिन ई, बीटा कैरोटीन और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो स्किन को सूरज की किरणों से होने वाले डैमेज से बचाते हैं। वहीं, नारियल तेल में नेचुरल एसपीएफ होता है जो त्वचा को सन डैमेज से बचाता है।

# आर. माधवन के बेटे ने स्विमिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल



मुंबई / यूटर्नः फिल्म अभिनेता आर. माधवन के लिए आज बेहद खुशी का दिन है। माधवन के बेटे ने अपने पिता का सिर गर्व से ऊंचा करने के साथ ही पूरे हिंदुस्तान को खुशी के पल दिए। सुपरस्टार के बेटे वेदांत माधवन ने Danish Open 2022 में स्विमिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत लिया है। इससे पहले वेदांत ने इसी चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल अपने नाम किया था। बेटे की इस कामयाबी पर आर. माधवन खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं और इस जीत की खुशी में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने तमाम लोगों की मेहनत और दुआओं का शुक्रिया अदा किया है। माधवन ने अपने इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट शेयर किया है, उसमें वेदांत गोल्ड मेडल पहनते दिख रहे हैं। वीडियो में वेदांत के गोल्ड जीतने का अनाउंसमेंट किया जा रहा है और वेदांत हाथ जोड़कर सबका धन्यवाद कर रहे हैं।

पोस्ट शेयर करते हुए एक्टर ने अपने कैप्शन में लिखा, 'Gold...आपकी दुआओं और भगवान की कृपा से जीत जारी है। वेदांत ने आज 800 मीटर में गोल्ड जीता है। थैंक्यू कोच, स्विमिंग फेडरेशन और पूरी टीम। वेदांत ने 8:17.28 सेकेंड में ये जीत हासिल की है। वहीं आर माधवन के पोस्ट पर कमेंट कर तमाम सेलेब्स ने भी वेदांत को जीत की बधाई दी और खुशी जताई। इससे पहले वेदांत माधवन ने पुरुष 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सिल्वर मेडल हासिल किया था।

# दिल्ली की पूरी टीम क्वारैंटाइन, 20 अप्रैल को होने वाले मैच पर सस्पेंस



मुंबई / यूटर्नः आईपीएल 2022 सीजन में एक बार फिर कोरोना का खतरा मंडराने लगा है। दिल्ली टीम के फिजियो के बाद मिचेल मार्श की कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। इसके बाद दिल्ली की टीम को पुणे में जाने से रोक दिया गया है। टीम को मुंबई में ही क्वारैंटाइन कर दिया गया है। दिल्ली को अगला मुकाबला 20 अप्रैल को पंजाब किंग्स के साथ पुणे में खेलना है। भास्कर ने जब आईपीएल में अपने सूत्रों से बात की तो उन्होंने कहा कि इस मैच को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, फिजियो के बाद एक विदेशी खिलाड़ी का रैपिड टेस्ट पॉजिटिव आया है। 16 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ मैच से पहले ही दिल्ली कैपिटल्स के फिजियो पैट्रिक फरहार्ट कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। हालांकि, उनके अलावा किसी खिलाड़ी की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं आई थी। इसके बाद 16 अप्रैल को दिल्ली की टीम बेंगलुरु के खिलाफ उतरी थी। अब एक प्लेयर भी पॉजिटिव पाया गया है, अभी उसका नाम सामने नहीं आया है। पिछले साल अप्रैल-मई में खेले जा रहे आईपीएल के 14वें सीजन में 3 दिन में 3 टीमों के 4 खिलाड़ी, 2 कोच और 2 अन्य स्टाफ के कोरोना संक्रमित होने के बाद आईपीएल को 29 मैचों के बाद ही रोक दिया गया था। बाद में आईपीएल के बचे हुए 31 मैच अक्टूबर में यूएई में खेले गए। सबसे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के वरुण चक्रवर्ती समेत दो खिलाड़ी कोरोना की चपेट में आ गए थे, जिसके बाद कोलकाता और बेंगलुरु का मैच टाल दिया गया था।

# सामंथा ने फैंस को दी टैटू न बनवाने की सलाह



सामंथा रुथ प्रभु साउथ सिनेमा की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शुमार है। अभिनेत्री इस समय अपने करियर के चरम पर पहुंच गयी हैं पर उनकी निजी जिंदगी में फ़िलहाल कुछ ठीक नहीं चल रहा है। चार साल तक साथ रहने के बाद सामंथा ने पिछले साल अपने पति और अभिनेता नागा चैतन्य को तलाक दे दिया था। अभिनेत्री के फैंस के लिए काफी झटके वाली बात थी। तलाक के बाद सामंथा को काफी ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था पर अपने जिंदगी के इस बुरे दौर को पीछे छोड़ते हुए अब सामंथा खुद पर और अपने करियर पर फोकस करने में लगी हुई हैं। सामंथा भले ही अपने निजी जीवन में कितने ही बुरे दौर से गुजर रही हो पर इस चीज का असर उन्होंने अपनी प्रोफेशनल लाइफ पर कभी पड़ने नहीं दिया। हाल ही में अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने खाली समय में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर Ask Me Anything सेशन रखा। इस सेशन के दौरान अभिनेत्री के फैंस ने उनसे कई सवाल किये। एक फैन ने उनसे पूछा कि उनका सबसे बड़ा सपना क्या है। इस सवाल के जवाब में सामंथा ने बताया कि वह अपने आप को पहले से बेहतर बनाना चाहती हैं। इसके बाद एक फैन ने सवाल किया कि कोई टैटू जो आप बनवाना चाहती हैं। इस सवाल के जवाब में सामंथा ने जवाब दिया कि एक बात जो मैं अपने युवा वर्शन को बताना चाहूंगी कि कभी भी टैटू नहीं बनवाना। आपको बता दें कि टैटू को लेकर सामंथा का यह जवाब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा हैं और लोग तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं।

# कार्तिक और कृति की केमिस्ट्री देख उत्साहित हुए फैंस



अभिनेता कार्तिक आर्यन और एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म शहजादा को लेकर काफी चर्चा में हैं। हाल ही में दोनों फिल्म के मॉरीशस शेड्यूल को खत्म कर मुंबई लौटे हैं, जिसका एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस वीडियो में कार्तिक आर्यन और कृति सेनन मुंबई हवाई अड्डे से बाहर निकलते हुए दिख रहे हैं। इस वायरल वीडियो में कार्तिक और कृति के बीच गजब की केमिस्ट्री दिख रही है और वीडियो के अंत में दोनों एक-दूसरे के हग करते हुए भी दिख रहे हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर फैंस इस वीडियो को देखने के बाद कमेंट कर एक-दूसरे के डेट करने की सलाह दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, तुम एक-दूसरे को डेट क्यों नहीं करते? वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा, यार शादी कर लो... मत तड़पाओ अपने फैंस को। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, जिस तरह से कृति रास्ते में कार्तिक को देख रही हैं। जबकि एक फैन ने लिखा, ये दोनों एक-दूसरे के साथ परफेक्ट हैं। रोहित धवन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में कार्तिक आर्यन और कृति सेनन के अलावा सनी हिंदुजा भी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। जानकारी के अनुसार फिल्म शहजादा साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और पूजा हेगडे अभिनीत तेलुगु फिल्म आल्हा वैकुंठपुर्मुलु का रीमेक है। ये कार्तिक आर्यन की ये फिल्म 4 नवंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आपको बता दें, फिल्म शहजादा में कार्तिक और कृति सेनन की जोडी दूसरी बार स्क्रीन पर नजर आने वाली हैं। इस पहले दोनों को लुका छुपी में देखा गया था, जहां दोनों ने अपनी शानदार एक्टिंग से लोगों का दिल जीत लिया था। इस फिल्म की कहानी लिव-इन रिलेशनशिप पर आधारित है।


**एक यूजर ने लिखा, जिस तरह से कृति रास्ते में कार्तिक को देख रही हैं। जबकि एक फैन ने लिखा, ये दोनों एक-दूसरे के साथ परफेक्ट हैं।**

# राय लक्ष्मी ने दिखाया बोल्ड अवतार



साउथ सिनेमा की हॉट अभिनेत्रियों में शुमार राय लक्ष्मी अपनी हॉटनेस के जलवे बिखेरने का एक मौका नहीं छोड़ती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी सेक्सी तस्वीरें शेयर करके फैंस के दिल धड़काती रहती हैं। इसी कड़ी को जारी रखते हुए लक्ष्मी ने हाल ही में अपनी कुछ सुपर हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। तस्वीरों को देखकर फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ गयी हैं। अभिनेत्री राय लक्ष्मी इन दिनों मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। मालदीव से उन्होंने अपनी ढेर सारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। इन तस्वीरों में अभिनेत्री अलग-अलग रंग की बिकिनी पहने नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ब्लैक बिकिनी के साथ मैचिंग बॉटम पहनकर समुद्र किनारें टहलती नजर आ रही हैं। इसके अलावा ब्लू बिकिनी में राय लक्ष्मी याच पर घूमती नजर आ रही हैं। ब्लैक और ब्लू बिकिनी के अलावा अभिनेत्री रेड और येलो बिकिनी पहनकर मालदीव में समुद्र किनारे बैठकर धुप का लुफ्त उठाती दिख रही हैं। अपने इन बिकिनी अवतारों में राय लक्ष्मी काफी हॉट लग रही हैं। तप्ती गर्मी के बीच अभिनेत्री की इतनी हॉट तस्वीरें देखकर फैंस का हाल बेहाल हो गया है। लाखों को अभिनेत्री के हॉट लुक पर अपना दिल हार बैठे हैं। अभिनेत्री राय लक्ष्मी ने मालदीव में स्कूबा डाइविंग का भी लुफ्त उठाया। स्कूबा डाइविंग करते हुए अभिनेत्री ने अपनी एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की। अभिनेत्री का स्कूबा डाइविंग का यह वीडियो भी काफी वायरल हो रही है और फैंस इसपर जमकर प्यार लुटा रहे हैं।

खुद बोलती तस्वीर



सायक चंदा

क्राइस्ट यूनिवर्सिटी बैंगलुरु के स्टूडेंट रहे आर्टिस्ट सायक चंदा की पेंटिंग...

# भारत को इस्लामिक देश बनने से बचाने के लिए हिंदू ज्यादा बच्चे पैदा करें: यति सत्यदेवानंद सरस्वती

शिमला / यूटर्न: हरिद्वार हेट स्पीच मामले में जमानत पर रिहा विवादित महंत यति नरसिंहानंद के एक संगठन ने रविवार को फिर एक विवादित बयान दिया। अखिल भारतीय संत परिषद के हिमाचल प्रदेश के प्रभारी यति सत्यदेवानंद सरस्वती ने कहा कि हिंदुओं को ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने चाहिए ताकि भारत को इस्लामिक देश बनने से रोका जा सके। यति नरसिंहानंद ने इस महीने की शुरुआत में मथुरा में ऐसा ही बयान दिया था। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में मुबारकपुर में तीन दिनी 'धर्म संसद' के पहले दिन यति सत्यदेवानंद सरस्वती ने कहा- 'भारत एक गणतंत्र है क्योंकि हिंदू यहां बहुसंख्यक हैं। लेकिन मुस्लिम लोग सुनियोजित तरीके से ज्यादा बच्चे पैदा करके अपनी आबादी बढ़ा रहे हैं। इसलिए हमारे संगठन ने हिंदुओं से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करें ताकि भारत को पाकिस्तान जैसा इस्लामिक देश बनने से रोका जा सके, जहां मुस्लिम आबादी ज्यादा है। जब सत्यदेवानंद सरस्वती से पूछा गया कि क्या ऐसे बयान दो बच्चे पैदा करने की राष्ट्रीय नीति का उल्लंघन नहीं करते हैं, तो उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है जो नागरिकों को सिर्फ दो बच्चे पैदा करने की इजाजत देता हो। इस बैठक में यति नरसिंहानंद, अन्नपूर्णा भारती और देशभर से कई अन्य महंत भी पहुंचे। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने सत्यदेवानंद सरस्वती को नोटिस जारी करके हिदायत दी है कि ऐसी भाषा का इस्तेमाल न करें जो किसी धर्म या जाति के खिलाफ नफरत का प्रचार करती हो। पुलिस एक्ट, 2007 के सेक्शन 64 के तहत जारी किए गए इस नोटिस में ऊना जिले के अंब पुलिस स्टेशन एसएचओ ने कहा है कि अगर नियमों का पालन नहीं किया गया तो भड़काऊ बयान देने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।



### जमानत पर बाहर है यति नरसिंहानंद

पिछले साल 17 से 19 दिसंबर के बीच यति नरसिंहानंद ने हरिद्वार में धर्म संसद का आयोजन किया था, जिसमें मुस्लिमों के खिलाफ भड़काऊ भाषण का इस्तेमाल किया गया था। इसके बाद यति नरसिंहानंद को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन फिर उन्हें जमानत दे दी गई। इसके बाद उन्होंने पिछले रविवार को दिल्ली के बुराड़ी मैदान में हिंदू महापंचायत में भाग लिया और वहां विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा- 'अगर किसी मुस्लिम को देश का प्रधानमंत्री बना दिया जाए, तो 50% हिंदू अगले 20 साल में धर्म परिवर्तन कर लेंगे।' उन्होंने हिंदुओं से यह भी अपील की थी कि वे अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए शस्त्र उठाएं।

# जहांगीरपुरी हिंसा मामला: फायरिंग करने वाले शख्स की पत्नी को हिरासत में लेने गई पुलिस पर हुई त्थरबाजी

नई दिल्ली / यूटर्न: दिल्ली के जहांगीरपुरी में सोमवार को एक बार फिर पथराव की घटना हुई है। दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम वीडियो फुटेज के आधार पर सोनू चिकना की पत्नी को हिरासत में लेने के लिए जहांगीरपुरी के C ब्लॉक स्थित मकान में गई थी। उसी दौरान कुछ लोगों ने घरों से पुलिस पर पत्थरबाजी कर दी। सोनू चिकना वही शख्स है जिसने 16 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के दिन हिंसा के दौरान फायरिंग की थी।

हालांकि पुलिस ने बताया कि यह एक छोटी सी घटना थी, आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना स्थल पर भारी सेख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। इधर, दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने कहा कि सोशल मीडिया पर हमारी नजर हैं। कुछ लोग ऐसे हैं जो चाहते हैं कि माहौल न सुधरे। सोशल मीडिया पर ऐसी गलत जानकारी और



माहौल बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शनिवार को दिल्ली के जहांगीरपुरी में हुई हिंसा मामले में अब तक 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 2 नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। हमारी अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें। अगर कोई फैक्ट वैरिफाई करना है, तो आप सीधे पुलिस से बात करिए। हिंसा में 8 पुलिसकर्मियों और एक नागरिक सहित 9 लोग घायल हुए हैं। अब तक इस हिंसा से जुड़े करीब 100 वीडियो सामने आ चुके हैं। इनके आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही है। दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर मेदालाल मीणा हिंसा के दौरान वहां सुरक्षा में तैनात थे। उनके हाथ में गोली लगी है। उन्होंने बताया कि पुलिस दोनों पक्षों को अलग कर रही थी, लेकिन देखते ही देखते दोनों पक्षों में पथराव शुरू हो गया।

दिल्ली पुलिस के कमिश्नर राकेश अस्थाना ने रविवार रात जहांगीरपुरी पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर मेदालाल मीणा से उनके घर जाकर मुलाकात की। उन्होंने मेदालाल को विभाग की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

दिल्ली पुलिस के कमिश्नर राकेश अस्थाना ने रविवार रात जहांगीरपुरी पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर मेदालाल मीणा से उनके घर जाकर मुलाकात की। उन्होंने मेदालाल को विभाग की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### बुलडोजर चलने के खिलाफ एससी में रिट

# सरकार के निशाने पर मुसलमान, लगता है कानून नहीं बचा: मदनी

नई दिल्ली / यूटर्न: मध्य प्रदेश और गुजरात में राम नवमी के जुलूस पर पथराव करने वालों के घर-दुकानें प्रशासन ने बुलडोजर से गिरा दिए थे। इसके विरोध में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने कोर्ट से अपील की है कि वह राज्यों की निर्देश दें कि अदालत के आदेश के बिना किसी का मकान-दुकान न ढहाएं। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने याचिका में कहा- भाजपा शासित राज्यों में अपराध की रोकथाम की आड़ में मुसलमानों को निशाना बनाने की चाल बताया है।मौलाना मदनी ने कहा- मुस्लिम इलाकों और मस्जिदों के सामने उकसावे की कार्रवाई हो रही है। पुलिस की मौजूदगी में लाठियां लहराई जा रही हैं और नारे लगाए जा रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे देश में कोई कानून नहीं बचा है, और कोई भी सरकार उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकती है। याचिका अधिवक्ता सरीम नावेद ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से परामर्श करके तैयार की है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड कबीर दीक्षित ने इसे ऑनलाइन दाखिल किया। अगले कुछ दिनों में भारत के मुख्य न्यायाधीश से याचिका पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया जा सकता है।




# लखीमपुर हिंसा के आरोपी आशीष की बेल खारिज

लखीमपुर खीरी / यूटर्न: लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष की जमानत रद्द हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए आशीष को एक हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया है। एससी ने यह भी कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीड़ित पक्ष को नहीं सुना। एफआईआर, पीड़ित परिवार के पक्ष और बाकी तमाम बिंदुओं पर विचार करते हुए आशीष की जमानत तत्काल रद्द की जाती है। आशीष मिश्रा के लिए राहत की एक खबर यही है कि वह फिर से जमानत की अपील कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि नए सिरे से जमानत के लिए वह फिर से इलाहाबाद कोर्ट में फ्रेश याचिका दायर कर सकते हैं। उस पर हाईकोर्ट फिर से विचार कर सकता है। तो, एक दरवाजा आशीष मिश्र के लिए अब भी खुला हुआ है।



# अमेठी में सड़क हादसा, पिता-पुत्र सहित 6 की मौत

### बारातियों से भरी बोलेरो को ट्रक ने मारी टक्कर, 4 लोग गंभीर

अमेठी / यूटर्न: अमेठी में रविवार रात 12:30 के आसपास उस समय कोहराम मच गया, जब तेज रफ्तार ट्रक और बोलेरो में भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बच्चे समेत 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां से सभी को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दर्दनाक हादसे में लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। घटना अमेठी के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के बाबूगंज सगरा के नजदीक की है। बोलेरो लखनऊ से अमेठी आ रही थी।



टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। बोलेरो में 10 लोग सवार थे। इनमें से 5 की मौके पर ही मौत हो गई, एक ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के अनिल बोलेरो गाड़ी से अपने साथियों के साथ अपनी ससुराल से बारात जा रहे थे। मौनी महाराज के आश्रम के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा कल्लू, उसके बेटे और कृष्ण कुमार सिंह सहित 6 की मौत हो गई। लवकुश, मुकेश और अनुज समेत 4 घायल हुए हैं। मृतकों में से 4 लोग अमेठी कोतवाली क्षेत्र के गुंगवाछ के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दर्दनाक हादसे में लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम योगी ने अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने और इस दुर्घटना के प्रभावित लोगों को हर संभव राहत और मदद प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

# बच्चों को सेना में भर्ती कर रहा रूस

कीव/मॉस्को। रूस-यूक्रेन जंग को 50 दिन से ज्यादा हो गया है, लेकिन अभी तक रूसी सेना राजधानी कीव पर कब्जा करने में नाकाम रही है। इससे रूस बौखला गया है। जंग में हजारों रूसी सैनिकों की मौत हो चुकी है, जिसके बाद रूस पर बच्चों को अपनी सेना में भर्ती करने का आरोप लगा है। ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन ने आरोप लगाया है कि रूस 16 साल के बच्चों को सेना में भर्ती कर रहा है। एक अधिकारी ने कहा- क्रेमलिन पूर्वी यूक्रेन में अपने सैनिकों की संख्या बढ़ाने के लिए बच्चों की भर्ती का सहारा ले रहा है। वहीं, यूक्रेन का कहना है कि बच्चों को सेना में भर्ती करना जिनेवा कन्वेंशन का उल्लंघन करता है। यूक्रेन के अधिकारियों ने इस मामले की जांच की मांग की है। यूक्रेन ने दावा किया है कि जंग में अब तक करीब 20 हजार से ज्यादा रूसी सैनिकों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन ने दावा किया है कि जंग में अब तक करीब 20 हजार से ज्यादा रूसी सैनिकों की मौत हो चुकी है।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma